न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी– सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
82/2022	02.8.2022	23/5/26

1. रामनरेश पुत्र बाबूलाल, मीना निवासी बडौली तह0 वजीरपुर
2. सोनू कुमार पुत्र बाबूलाल, मीना निवासी बडौली तह0 वजीरपुर——प्रार्थीगण

बनाम

1. कांता देवी पत्नी सुरेश चंद, ब्राह्मण निवासी वजीरपुर
2. अमीन पुत्र गुलशेर, मुसलमान निवासी वजीरपुर
3. मुफीद पुत्र गुलशेर, मुसलमान निवासी वजीरपुर
4. रमा शर्मा पत्नी प्रमोद कुमार, ब्राह्मण निवासी वजीरपुर
5. लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर —— अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :– श्री संजय कुमार शर्मा, एडवोकट, प्रार्थी की ओर से

निर्णय

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीगण की कब्जे काश्त एवं सहखातेदारी की खाता संख्या 339 भूमि ख0न0 2470, 2471, 2472, 2473, 2474, 2475, 2476, 2477, 2478, 2479, 2498 ग्राम वजीरपुर स्थित है। प्रार्थीगण के पडौसी अप्रार्थी संख्या 1 की भूमि खाता संख्या 106, अप्रार्थी संख्या 2 ता 4 की भूमि खाता संख्या 470 ग्राम वजीरपुर स्थित है तथा प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि के सटवां ही सिवायचक भूमि स्थित है। प्रार्थीगण की भूमि की डोलमेड को तोडकर अप्रार्थीगण ने कब्जा काश्त कर लिया। जिस पर प्रार्थी द्वारा अपनी भूमि का दिनांक दिनांक 28.06.2022 का सीमाज्ञान करवा लिया। प्रार्थीगण की भूमि सीमाज्ञान के दौरान अप्रार्थीगण की भूमि मे निकली एवं उक्त पटवारियों की टीम ने मौके पर नाप कर जगह चिन्हित की परन्तु अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की भूमि को छोडने को तैयार नही हुए। जिसके कारण प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र पत्थरगढी करवाये जाने हेतु प्रस्तुत किया है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख0न0 2470, 2471, 2472, 2473, 2474, 2475, 2476, 2477, 2478, 2479, 2498 ग्राम वजीरपुर का सीमाज्ञान करवा कर पत्थरगढी करवाये जाने के आदेश फरमाये जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थीगण बाबजूद सूचना हाजिर अदालत नही हुए है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 15:39:23 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने नकल जमाबंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 339, 106, 105,470,1 ग्राम वजीरपुर, नकल नक्शा ट्रेस सीमाज्ञान रिपोर्ट 28.06.2022 प्रस्तुत किये है।

प्रकरण मे तहसीलदार वजीरपुर द्वारा अपने पत्रांक भूअ/1342 दिनांक 05.12.25 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

प्रार्थीगण के विद्वान अभिभाषक ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 28.6.2022, 13.4.2022 से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण को उसकी भूमि ख0न0 2470, 2471, 2472, 2473, 2474, 2475, 2476, 2477, 2478, 2479, 2498 ग्राम वजीरपुर का सीमाज्ञान कराया जा चुका है परन्तु प्रार्थीगण का पडौसी काश्तकारों से विवाद बने रहने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि ख0न0 2470, 2471, 2472, 2473, 2474, 2475, 2476, 2477, 2478, 2479, 2498 ग्राम वजीरपुर की पत्थरगढी कराने के अधिकारी हैं।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर को आदेश दिया जाता है कि वह पडौसी खातेदारों की उपस्थिति मे प्रार्थीगण को उसकी खातेदारी भूमि ख0न0 2470, 2471, 2472, 2473, 2474, 2475, 2476, 2477, 2478, 2479, 2498 ग्राम वजीरपुर पर पत्थरगढी करावें।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23/5/26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(... मीना)
उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 15:39:23 IST
Reason: SelfAttested